# आधुनिक तकनीक, सुदृढ़ अभियोजन और बेहतर समन्वय से रेलवे सुरक्षा को नई ऊंचाई देगी जीआरपी : योगी आदित्यनाथ

## त्यौहारों, बड़े आयोजनों, भर्ती परीक्षाओं और विशेष अवसरों पर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो : मुख्यमंत्री

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश में रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, तकनीक-सक्षम तथा परिणामोन्मुख बनाया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश देश का सबसे बड़ा रेल यातायात वाला राज्य है, जहां प्रतिदिन लाखों यात्री रेल सेवाओं का उपयोग करते हैं। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा, महिला सम्मान, अपराध नियंत्रण और त्वरित पुलिस सहायता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि रेलवे नेटवर्क में अपराध और असामाजिक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए तथा जीरो टॉलरेंस की नीति को पूरी दृढ़ता के साथ लागू किया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेलवे परिसरों, प्लेटफॉर्मों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग किया जाए।

जीआरपी के सांगठनिक ढांचे के बारे में डीजी रेलवे ने बताया कि वर्ष 1867 में



स्थापित जीआरपी उत्तर प्रदेश वर्तमान में छह अनुभागों, 65 थानों तथा 89 अस्थायी चौकियों के माध्यम से कार्य कर रही है। प्रतिदिन 3031 से अधिक ट्रेनों, लगभग 1550 रेलवे स्टेशनों तथा 30 लाख से अधिक रेल यात्रियों की सुरक्षा का दायित्व जीआरपी निभा रही है।

रेलवे ट्रैक और ट्रेन सुरक्षा की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने रेलवे प्रशासन, आरपीएफ और स्थानीय पुलिस के साथ समन्वय को और मजबूत करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि रेलवे ट्रैक सुरक्षा के लिए संयुक्त गश्त, ड्रोन एवं सीसीटीवी आधारित निगरानी, डिजिटल सत्यापन, निरीक्षण एप के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों की जांच, मुखबिर तंत्र को सुदृढ़ बनाने तथा कबाड़ बाजारों एवं संवेदनशील स्थलों की निगरानी जैसे उपाय किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने रेलवे परिसरों और ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं को पूरी तरह समाप्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जनजागरूकता, सुरक्षा चौपाल, अभिभावकों और युवाओं की काउंसिलिंग, रेल मित्र नेटवर्क, त्वरित अभियोजन तथा प्रभावी निगरानी के परिणामस्वरूप विभिन्न रेल मंडलों में पत्थरबाजी की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि त्योहारों, बड़े आयोजनों, भर्ती परीक्षाओं और विशेष अवसरों पर रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रवेश एवं निकास नियंत्रण, कतार प्रबंधन, सार्वजनिक घोषणाओं, 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी तथा रेलवे प्रशासन के साथ समन्वय के माध्यम से भीड़ नियंत्रण को प्रभावी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल बताते हुए निर्देश दिए कि रेलवे नेटवर्क में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। मानव तस्करी और गुमशुदा बच्चों की बरामदगी से जुड़े मामलों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने इन अभियानों को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत 01 जनवरी से 26 मई तक 860 बच्चों को बरामद किया गया। विभिन्न अभियानों के माध्यम से अब तक 2325 व्यक्तियों को उनके परिवारों से मिलाने में सफलता प्राप्त हुई है। बैठक में यह भी बताया गया कि हरदोई जीआरपी थाना उत्तर भारत का पहला आईएसओ 9001 प्रमाणित जीआरपी थाना बन चुका है। अभियोजन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अपराधियों को त्वरित एवं प्रभावी दंड सुनिश्चित करने पर बल दिया। भविष्य की आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने जीआरपी के विस्तार और आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक मानव संसाधन की तैनाती और उपकरणों की उपलब्धता के संबंध में राज्य सरकार द्वारा आवश्यक सहयोग के लिए निर्देशित किया।

### फर्रुखाबाद विकास मंच ने की पुलिस भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए आवास व भोजन की निशुल्क व्यवस्था

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार के ओर से आयोजित पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए जनपद फर्रुखाबाद में लगभग चार हजार रुपये परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं । इन परीक्षा केद्रों में 8, 9 ,10 जून को परीक्षा होगी। बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों के रहने, खाने व चाय नाश्ता की निशुल्क व्यवस्था फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा द्वारा की जा रही है। भईयन मिश्रा ने बताया इसके लिए विशंभर दयाल धर्मशाला, हिंदी भवन एवं अन्य एक दो जगह को आरक्षित कर लिया गया है। कम से कम 500 से अधिक लोगों के रुकने की व्यवस्था की गई है। छात्राओं व छात्रों के लिए अलग - अलग व्यवस्था की गई है। इस पूरी व्यवस्था में सहयोग के लिए निशित दुबे उर्फ निशु पूर्व सभासद, महेश अग्निहोत्री बाबू सभासद, राजीव पाल, नितिन यादव, ओमनिवास पाठक, आशुतोष मिश्रा राम जी, शिवांक बाजपेई, राजीव वर्मा, आयुष सक्सेना, जाकिर खान, दिलीप भारद्वाज, काके शर्मा, जॉनी गुप्ता, सहित अन्य कई लोग सहयोग कर रहे हैं।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष में जनभागीदारी से बदली स्वच्छता की तस्वीर : मौर्य

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष में जनभागीदारी से स्वच्छता की तस्वीर बदली है। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि दशकों तक पहले की सरकारों के लिए स्वच्छता कोई मुद्दा ही नहीं था।

गांवों में शौचालय का अभाव, शहरों में गंदगी के ढेर और खुले में शौच जैसी समस्याएं करोड़ों लोगों की मजबूरी थीं। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'स्वच्छता को जनभागीदारी' का विषय बनाया। स्वच्छ भारत अभियान ने देश की सोच बदली, व्यवहार बदला और भारत की तस्वीर बदलने का भी कार्य किया।

केशव प्रसाद मौर्य ने लिखा आज देशभर में 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण हुआ है और करोड़ों परिवारों, विशेषकर माताओं-बहनों को सम्मानपूर्ण जीवन मिला है। ग्रामीण स्वच्छता कवरेज, जो वर्ष 2014 में लगभग



39 प्रतिशत थी, वह आज लगभग शत-प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। स्वच्छता के इस अभियान ने बीमारियों को कम करने में मदद करने के साथ-साथ जनस्वास्थ्य, पर्यटन और जीवन स्तर में भी व्यापक सुधार किया है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यही मोदी सरकार के 12 वर्षों की नई कार्यसंस्कृति है, जहां योजनाएं जनता के जीवन में परिवर्तन लाने का माध्यम बनती हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में स्वच्छता आज देश की 'आदत' भी बनी है और 'संस्कार' भी। 'स्वच्छ भारत' अब 'स्वस्थ भारत' की मजबूत नींव बनकर विकसित भारत के संकल्प को नई शक्ति दे रहा है। 12 साल - विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के।

### डीसीएम और ट्रक की टक्कर, एक की मौत

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश के अमेठी जनपद अंतर्गत जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें डीसीएम के ड्राइवर की डीसीएम में फंसकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आवश्यक वैधानिक कार्यवाही में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रायबरेली अयोध्या राजमार्ग पर रविवार की सुबह 7 बजे के करीब तेज रफ्तार ट्रक और डीसीएम में जोरदार टक्कर हो गई। बताया जा रहा है कि डीसीएम में देसी शराब की पेटियां लदी हुई थी जो अयोध्या की तरफ से रायबरेली की ओर जा रही थी। वहीं ट्रक रायबरेली की तरफ से अयोध्या की ओर जा रहा था। मंगौली तिराहे पर हाईवे को बाईपास से जोड़ने का कार्य चल रहा है जिसके कारण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा ट्रैफिक को एक ही मार्ग से डायवर्ट किया गया है जिसके चलते दोनों वाहन एक ही लेन में आ गए और आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई।

## जिलाधिकारी ने सम्भावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की, दिए जरूरी निर्देश

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, फर्रुखाबाद :** उत्तर प्रदेश के जनपद फर्रुखाबाद की जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में रविवार को जनपद में संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु की गई तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में राजस्व, पुलिस, स्वास्थ्य, सिंचाई, लोक निर्माण, विद्युत, पंचायती राज, आपदा प्रबंधन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सहभागिता करते हुए विभागवार तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की।



उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में रात्रिकालीन राहत एवं बचाव कार्यों की विशेष आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त संख्या में सर्च लाइट, नाव एवं अन्य तकनीकी उपकरणों को तैयार रखने के निर्देश दिए। लोक निर्माण एवं संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित रूप से प्रभावित मार्गों की पहचान कर वैकल्पिक यातायात व्यवस्था एवं रूट डायवर्जन की पूर्व तैयारी सुनिश्चित की जाए। जिससे आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारीगण, संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

### कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने देवरिया में किया पौधरोपण

**देवरिया ।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कार्यकर्तार्ओं के साथ पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को ग्राम सभा पकहा के चतुर्भुज भगवान मंदिर परिसर में आम, पाकड़ और पीपल के पौधों का रोपण किया। जलवायु परिवर्तन विभाग की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पौधे लगाए तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया। इस अवसर पर नदी तट को हरा-भरा बनाने के लिए खनूआ नदी के किनारे भी व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया गया। साथ ही मंदिर के समीप नदी की साफ-सफाई कर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के संयुक्त प्रयास को आगे बढ़ाया गया।

## विश्व साइकिल दिवस पर निकली जागरूकता रैली, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश




**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, औरैया :** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में क्रीड़ा भारती की ओर से जिला मंत्री मनीष मिश्रा के नेतृत्व में रविवार को साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ जिला ओलंपिक संघ की तकनीकी समिति के चेयरमैन होशियार सिंह राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर किया तथा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। साइकिल रैली श्री जनता इंटर कॉलेज, अजीतमल से प्रारंभ होकर लालपुर ओवरब्रिज तक गई और पुनः कॉलेज परिसर में आकर संपन्न हुई। रैली के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर क्रीड़ा भारती के जिलाध्यक्ष नीरज राजपूत ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से दैनिक जीवन में साइकिल के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया। रैली के दौरान पर्यावरण प्रेमी नरेंद्र कुशवाहा के आवास पर प्रतिभागियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 समाजसेवी, शिक्षक, खिलाड़ी एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में महेश शर्मा, शशांक सैनी, अंकुल मिश्रा, हेमंत प्रजापति, मधु सिंह सिंगर, शिवम चौहान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आपका राशिफल 08 जून

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक 3 5 6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़ तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक 6 8 9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8

## सांसद एवं रक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधि मंडल

### आलमनगर स्टेशन का नाम बदलने सहित कई मांगें रखीं, क्षेत्रीय विकास पर चर्चा

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** लखनऊ के बुद्धेश्वर क्षेत्र में बढ़ते यातायात जाम और सड़क किनारे अतिक्रमण की समस्या को लेकर स्थानीय नागरिकों और बुद्धेश्वर विकास महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह से मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल ने पारा, राजाजीपुरम और आसपास के मार्गों पर स्थायी अतिक्रमण और अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं, जिसके कारण क्षेत्र में यातायात का दबाव लगातार बढ़ रहा है।

लोगों ने कहा कि बुद्धेश्वर चौराहे के आसपास सड़क किनारे अतिक्रमण और बढ़ते वाहनों के कारण दिनभर जाम की स्थिति



बनी रहती है। इससे स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, छात्रों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार लोगों को लंबे समय तक जाम में फंसे रहना पड़ता है।

प्रतिनिधिमंडल ने आलमनगर रेलवे ओवरब्रिज से उतरने के बाद पारा, राजाजीपुरम और आसपास के क्षेत्रों की ओर जाने वाले मार्गों पर दोनों तरफ हुए स्थायी अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया। उनका कहना है कि सड़क संकरी होने के कारण पूरे दिन वाहनों की लंबी कतारें लगी रहती हैं और आवागमन प्रभावित होता है।

इसके साथ ही लोगों ने आलमनगर रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर बुद्धेश्वर स्टेशन और हैदरगंज वार्ड का नाम बदलकर बुद्धेश्वर वार्ड किए जाने की मांग भी रखी। उन्होंने इसे क्षेत्र की ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा विषय बताया।

प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से सभी समस्याओं को विस्तार से रखा और शीघ्र समाधान की मांग की।

महासभा के अध्यक्ष ने बताया कि रक्षा मंत्री ने सभी मुद्दों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देश देने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर कई स्थानीय पदाधिकारी और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। लोगों ने उम्मीद जताई कि लंबे समय से लंबित समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाएगा और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा।

## यूपी का पहला एआई चैटबॉट शुरू, टैक्स भुगतान आसान

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी:** वाराणसी नगर निगम ने प्रदेश में पहली बार एआई आधारित चैटबॉट सेवा की शुरुआत की है। इस सुविधा के माध्यम से अब भवन स्वामियों को टैक्स भुगतान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। नगर निगम के अनुसार शहर के लगभग दो लाख तैंतीस हजार भवन स्वामियों को इसका लाभ मिलेगा।

महापौर अशोक तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल की मौजूदगी में सदन बैठक के दौरान इस सेवा का शुभारंभ किया गया। नगर निगम उत्तर प्रदेश का पहला ऐसा निकाय बन गया है जिसने टैक्स भुगतान के लिए एआई चैटबॉट प्रणाली लागू की है।

नगर आयुक्त ने बताया कि इस प्रणाली के तहत करदाता अपने व्हाट्सएप से निर्धारित नंबर पर केवल 'हाय' लिखकर संदेश भेजेंगे। इसके बाद चैटबॉट द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुछ ही सेकंड में टैक्स बिल मोबाइल पर प्राप्त हो जाएगा। करदाता वहीं से ऑनलाइन भुगतान कर रसीद भी डाउनलोड कर सकेंगे।

नगर निगम ने पंद्रह जुलाई तक गृह कर, जल कर और सीवर कर जमा करने पर दस प्रतिशत की छूट देने की घोषणा की है। इसके अलावा वित्तीय वर्ष 2026-27 के ऑनलाइन भुगतान पर दो प्रतिशत अतिरिक्त छूट भी दी जाएगी।

स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और पद्म पुरस्कार प्राप्त व्यक्तियों को गृह कर, जल कर और सीवर कर में पचास प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

पहले से कर जमा करने वाले करदाताओं को आगामी वित्तीय वर्ष में समायोजन का लाभ देने की भी बात कही गई है।

## आठवले ने ठुकराई कॉकरोच जनता पार्टी की मांग

### पेपर लीक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, वाराणसी:** वाराणसी पहुंचे केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने कॉकरोच जनता पार्टी और अन्य संगठनों द्वारा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मांग आधारहीन है और शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देने की आवश्यकता नहीं है।

उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक मामले को गंभीरता से ले रही है और इसमें शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी गिरोह या व्यक्ति इस मामले में शामिल हैं, उन्हें कानून के तहत कठोर सजा दी जाएगी।

मंत्री ने यह भी कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली में आवश्यक सुधार किए जा रहे हैं और संबंधित मंत्रालय को इस दिशा में सख्त निर्देश दिए गए हैं। इसी दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा और कहा कि संविधान को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है, जबकि वास्तविकता यह है कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत है और किसी प्रकार का खतरा नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि देश स्थिर और मजबूत नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है और इसे बदलना आसान नहीं है।

रामदास आठवले ने कहा कि भारत शांति और विकास का पक्षधर देश है और संघर्ष के बजाय शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने में विश्वास रखता है। उन्होंने ऐतिहासिक उदाहरण देते हुए कहा कि हिंसा से केवल नुकसान होता है और शांति ही समाधान का मार्ग है।

इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन बिना जमीनी हकीकत के बड़े दावे करना उचित नहीं है।

## लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने रहे अमरनाथ मिश्र, नई कार्यकारिणी गठित

### त्रैवार्षिक चुनाव में पवन मनोचा को प्रमुख वरिष्ठ महामंत्री की जिम्मेदारी दी

**राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, लखनऊ :** लखनऊ व्यापार मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव में सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। राजधानी के लगभग तीन सौ बाजारों में सक्रिय इस संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अमरनाथ मिश्र को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया।

चुनाव प्रक्रिया गौतमबुद्ध मार्ग स्थित व्यापार भवन में संपन्न हुई, जहां किसी भी पद के लिए कोई प्रतिद्वंद्वी सामने नहीं आया। चुनाव अधिकारियों ने सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित करते हुए शपथ ग्रहण कराया। इस अवसर पर व्यापारियों ने संगठन की एकजुटता बनाए रखने और व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

नई कार्यकारिणी में पवन मनोचा को प्रमुख वरिष्ठ महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके साथ ही संगठन में कई अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की गई हैं। इनमें जितेन्द्र सिंह चौहान, उमेश शर्मा, अनुराग मिश्र और देवेन्द्र गुप्ता को वरिष्ठ महामंत्री बनाया गया है। कुश मिश्रा और मंजीत सिंह दुआ को महामंत्री, जबकि सुमित गुप्ता को मीडिया महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। विधानसभा स्तर पर शशि प्रकाश शुक्ला, मनीष कुमार वर्मा और मुश्वीर अहमद को महामंत्री बनाया गया है।

संगठन के संरक्षक पद पर पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल को मुख्य संरक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा हरीशचन्द्र अग्रवाल और कैलाश चंद्र जैन को संरक्षक बनाया गया है। राजेन्द्र कुमार अग्रवाल को दोबारा चेयरमैन चुना गया है। उत्तम कपूर, अनिल बजाज, रमेश मिश्र, भारत भूषण गुप्ता, श्याम कृष्णानी, नीरज जौहर, चंद्र प्रकाश अग्रवाल और रामकुमार वर्मा को मुख्य वरिष्ठ उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है।

इसके अतिरिक्त सतीश कुमार अग्रवाल को पुनः कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि विनोद पंजाबी और विनय शुक्ला सहित कई अन्य व्यापारियों को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि राजधानी के तेजी से विस्तार और नए बाजार क्षेत्रों के विकास के साथ संगठन को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रांस गोमती और अन्य क्षेत्रों में संगठनात्मक इकाइयों का विस्तार कर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

प्रमुख वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा ने कहा कि संगठन व्यापारियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा तथा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करेगा। वरिष्ठ महामंत्री जितेन्द्र सिंह चौहान ने भी व्यापारियों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही।

अनुराग मिश्र ने नई कार्यकारिणी को युवा और अनुभवी नेतृत्व का संतुलित स्वरूप बताया और कहा कि इससे संगठन को नई दिशा मिलेगी। बैठक के दौरान संगठन की प्रबुद्ध समिति का गठन भी किया गया, जिसमें देव कुमार शुक्ला, राकेश छाबड़ा, केदार बाजपेई और विनोद चन्द्र गर्ग को शामिल किया गया।

सभी पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य किया जाएगा और आने वाले समय में संगठनात्मक गतिविधियों को और विस्तार दिया जाएगा।